दैनिक
# न्याय साक्षी

संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-सेहत-फीचर-खाना खजाना-राशिफल

रायगढ़, सोमवार 24 अक्टूबर 2022

www.nyaysakshi.com



संपादकीय

## फिर उलटा पड़ता प्रतिबंध

रूस पर प्रतिबंधों के अनुभव से कोई सबक ना लेकर हाई टेक में क्षेत्र में चीन की बढ़त रोकने के लिए अमेरिका सख्त प्रतिबंधों की राह पर आगे बढ़ा है। लेकिन सेमीकंडक्टर क्षेत्र में उसका ये कदम बैकफायर करता दिख रहा है।

यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद अमेरिका और यूरोप ने रूस पर जो प्रतिबंध लगाए, उनका उलटा असर हुआ। उनसे रूस की अर्थव्यवस्था तो उतनी प्रभावित नहीं हुई, लेकिन यूरोप के लिए तबाही के रास्ते खुल गए। पश्चिम में यह अहसास तीन या चार महीनों के बाद जाकर हुआ। लेकिन तब तक पश्चिम के लिए कदम पीछे खींचने के विकल्प सीमित हो चुके थे। बहरहाल, अमेरिका ने उससे कोई सबक नहीं लिया। हाई टेक में क्षेत्र में चीन की बढ़त रोकने के लिए वह सख्त प्रतिबंधों की राह पर आगे बढ़ा है। लेकिन सेमीकंडक्टर क्षेत्र में उसका ये कदम फिर बैकफायर करता दिख रहा है। द वॉल स्ट्रीट जर्नल से लेकर रिपोर्टो और विश्लेषणों में अमेरिकी चिप इंडस्ट्री के संकटग्रस्त होने की चर्चा खुल कर हुई है। काबिल-ए-गौर बात इस उद्योग से जुड़े लोगों की सामने आई यह राय है कि अमेरिकी प्रतिबंधों से हाई टेक क्षेत्र में चीन की प्रगति की रफ्तार तो घटेगी, लेकिन अब वह इतना आगे बढ़ चुका है कि देर-सबेर सेमीकंडक्टर उत्पादन के मामले में आत्म निर्भर हो जाएगा। जबकि दुनिया का सबसे बड़ा बाजार- यानी चीन के हाथ से निकलने के बाद अमेरिका की प्राइवेट सेक्टर की कंपनियां अपने पूंजीगत निवेश मे कटौती के लिए मजबूर हो जाएंगी।

इसका असर उनके रिसर्च एंड डेवलपमेंट पर पड़ेगा। इससे संभव है कि भविष्य में जहां चीन इस क्षेत्र में अग्रणी बन जाए, वहीं अमेरिका का प्रभाव घट जाए। इस सिलसिले में इन तथ्यों का उल्लेख किया गया है कि 2021 में चीन ने न सिर्फ संख्या बल्कि गुणवत्ता वाले रिसर्च पेपर के प्रकाशन के मामले में भी अमेरिका को आगे छोड़ दिया। इसी वर्ष चीनी कंपनियों ने जहां 73 हजार से ज्यादा पेंटेट हासिल किए, वहीं अमेरिका के मामले में ये संख्या। 56 हजार रही। हर साल पढ़ कर बाहर आने वाले इंजीनियर और टेककर्मियों के मामले में चीन काफी पहले आगे निकल चुका है। ऐसे में सेमीकंडक्टर क्षेत्र में उसका पिछड़ापन स्थायी रहेगा, यह मानने की कोई ठोस वजह नहीं है। इसलिए बेहतर होता अगर अमेरिका प्रतिबंधों की अप्रासंगकिता को समझता। लेकिन ऐसा होने के कोई संकेत नहीं हैं।

## कम आपूर्ति के कारण सोयाबीन और सूरजमुखी तेल कीमतों में बढ़त



**नई दिल्ली।** विदेशी बाजारों में तेजी के रुख के बीच सूरजमुखी और सोयाबीन तेल के सालाना 20-20 लाख टन के शुल्क-मुक्त आयात की छूट दिए जाने के बाद बाजार में कम आपूर्ति (शार्ट सप्लाई) की स्थिति पैदा होने से शनिवार को सूरजमुखी और सोयाबीन के साथ साथ सरसों तेल तिलहन कीमतों में बढ़त का रुख कायम हो गया। गुजरात में सप्ताह भर बाजार के बंद रहने की वजह से मांग प्रभावित होने के कारण जहां मूंगफली तेल तिलहन कीमतों में गिरावट आई वहीं सामान्य कारोबार के बीच बाकी तेल तिलहनों के भाव पूर्वस्तर पर बंद हुए।

बाजार से जुड़े सूत्रों ने बताया कि शिकागो एक्सचेंज शुक्रवार को लगभग दो प्रतिशत तेजी के साथ बंद हुआ था। सूत्रों ने कहा कि सरकार के शुल्कमुक्त खाद्यतेलों के आयात का कोटा निर्धारित करने के फैसले के बाद बाकी आयातकों ने नये सौदे खरीदने से हाथ खींच लिया। निर्धारित कोटा से अलग आयात करने पर इन आयातकों को आयात शुल्क अदा करने के बाद उनका महंगा तेल बाजार खपना आसान नहीं रह जायेगा क्योंकि बाजार भाव सस्ते आयातित तेलों के हिसाब से तय होने लगेगा।

ऐसे में नये सौदे नहीं होने से बाजार में शार्ट सप्लाई की स्थिति बन गई है जिसके कारण सोयाबीन, सरसों तेल तिलहन के अलावा सूरजमुखी तेल कीमतों में बढ़त का रुख कायम हो गया। सूत्रों ने कहा कि दिवाली के मौके पर गुजरात में लगभग सप्ताह भर बाजार बंद हैं और गुजरात में ज्यादातर खपत मूंगफली तेल की ही है। इस कारण से मूंगफली तेल तिलहन कीमतों में गिरावट आई। उन्होंने बताया कि सामान्य कारोबार के बीच सीपीओ, पामोलीन और बिनौला तेल कीमतों के भाव पूर्वस्तर पर बने रहे।

सूत्रों ने कहा कि सरकार के शुल्कमुक्त आयात का कोटा निर्धारित करने से उत्पन्न 'शार्ट सप्लाई' की स्थिति के कारण उपभोक्ताओं को तेल सस्ते में मिलने के बजाय और महंगे दाम पर खरीदना पड़ रहा है। सरकार को इस ओर ध्यान देते हुए या तो कोटा व्यवस्था को समाप्त करते हुए खुले आयात की छूट देनी चाहिये या पहले की तरह आयात शुल्क लगा देनी चाहिये। इन दोनों ही स्थिति में देश में पर्याप्त आयात होगा और प्रतिस्पर्धा के कारण उपभोक्ताओं को भी कम कीमत अदा करनी होगी।

## धनतेरस और दिवाली पर जबरदस्त खरीदारी, 40 हजार करोड़ का कारोबार होने का अनुमान



**नई दिल्ली।** देश में धनतेरस के अवसर पर दो दिनों में लगभग 40 हजार करोड़ रुपये के रिटेल कारोबार के होने का अनुमान है, जिसमें शनिवार को 15 हजार करोड़ रुपये और रविवार को 25 हजार करोड़ रुपये का व्यापार हो सकता है। देश में धनतेरस के अवसर पर दो दिनों में लगभग 40 हजार करोड़ रुपये के रिटेल कारोबार के होने का अनुमान है, जिसमें शनिवार को 15 हजार करोड़ रुपये और रविवार को 25 हजार करोड़ रुपये का व्यापार हो सकता है। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय अध्यक्ष बी सी भरतिया एवं राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल ने बताया की धनतेरस के दिन नयी वस्तु ख़रीदना शुभ माना जाता है, जिसमें इस दिन सोना-चांदी के आभूषण तथा अन्य वस्तुएं जैसे वाहन, इंजीनियरिंग सामान और फर्नीचर की मजबूत मांग रहती है। ऑल इंडिया ज्वैलर्स एवं गोल्डस्मिथ फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंकज अरोड़ा ने कहा कि देश भर के ज्वैलरी व्यापारियों में धनतेरस की बक्रिी को लेकर बड़ा उत्साह है जिसके लिए ज्वैलरी व्यापारियों ने व्यापक स्तर पर काफी तैयारियां की हुई है। इसके साथ ही इस साल आर्टिफिशियल ज्वेलरी की भी बड़ी मांग बाज़ारों में दिखाई दे रही है, वहीं सोने-चांदी के सिक्के, नोट एवं मूर्तियों को भी धनतेरस पर बड़ी मात्रा में ख़रीदा जाना भी संभावित है। पीएनजी ज्वैलर्स के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक सौरभ गाडगिल ने कहा कि त्योहारी मौसम की शुरुआत से ही यह साल काफी अच्छा रहा है। इसकी मुख्य वजह सोने के कीमतों में कमजोरी है।

## गैस कीमतें बढ़ने से आईजीएल के मार्जिन शुद्ध लाभ में चार प्रतिशत की बढ़त



**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में सीएनजी और रसोई गैस की खुदरा बिक्री करने वाली कंपनी इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड (आईजीएल) ने चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में अपने शुद्ध लाभ में चार प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है। प्राकृतिक गैस की कीमतें बढने से उसके मार्जिन पर असर देखा गया। आईजीएल ने एक बयान में कहा कि जुलाई-सितंबर तिमाही में उसका शुद्ध लाभ 416.15 करोड़ रुपये रहा जबकि एक साल पहले की समान तिमाही में उसे 400.54 करोड़ रुपये का लाभ हुआ था।

बीती तिमाही में कंपनी की कुल बिक्री एक साल पहले की तुलना में 12 प्रतिशत बढ़ गई और इसकी दैनिक बिक्री 80.9 लाख घन मीटर प्रतिदिन पर पहुंच गई। इस दौरान सीएनजी की बिक्री मात्रा में 15 प्रतिशत की बढ़त देखी गई जबकि पाइप से रसोई गैस (पीएनजी) की बिक्री मात्रा तीन प्रतिशत बढ़ गई।

## प्राइवेट सेक्टर के तीन बैंकों को हुआ बंपर मुनाफा




**नई दिल्ली।** प्राइवेट सेक्टर के आईसीआईसीआई, कोटक महिंद्रा और आरबीएल ने सितंबर तिमाही के नतीजे जारी कर दिए हैं। जुलाई से सितंबर तिमाही के दौरान तीनों बैंक को तगड़ा मुनाफा हुआ है। प्राइवेट सेक्टर के तीन बैंक- आईसीआईसीआई, कोटक महिंद्रा और आरबीएल ने सितंबर तिमाही के नतीजे जारी कर दिए हैं। जुलाई से सितंबर तिमाही के दौरान तीनों बैंक को तगड़ा मुनाफा हुआ है। अगर आप इनमें से किसी भी बैंक के ग्राहक हैं तो वित्तीय स्थिति के बारे में जान लीजिए।

आईसीआईसीआई बैंक: चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में बैंक का शुद्ध लाभ 31.43 प्रतिशत बढक़र 8,006.99 करोड़ रुपये हो गया। इस तिमाही में बैंक का एकल आधार पर शुद्ध लाभ 37.14 प्रतिशत बढक़र 7,557.84 करोड़ रुपये हो गया। एक साल पहले की समान अवधि में यह 5,510.95 करोड़ रुपये रहा था। तिमाही में बैंक की कुल आय बढक़र 31,088 करोड़ रुपये हो गई। इसके साथ उसका कुल खर्च भी 19,408 करोड़ रुपये हो गया जो एक साल पहले 18,027 करोड़ रुपये रहा था। इस दौरान बैंक का फंसे कर्जो के लिए वित्तीय प्रावधान घटकर 1,644.52 करोड़ रुपये हो गया जो साल भर पहले 2,713.48 करोड़ रुपये रहा था। हालांकि जून तिमाही के 1,143.82 करोड़ रुपये की तुलना में यह अधिक रहा।

## मुंबई, पंजाब, कर्नाटक, हिमाचल प्रदेश और बंगाल क्वार्टर फाइनल में



**मुंबई।** मुंबई, पंजाब, कर्नाटक, हिमाचल प्रदेश और बंगाल ने अपने अपने ग्रुप में शीर्ष पर रहकर शनिवार को सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी टी20 क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। उत्तराखंड के सलामी बल्लेबाज अवनीश सुधा के 96 रन के बावजूद मुंबई के गेंदबाजों ने विषम पलों में अच्छा प्रदर्शन करके अपनी टीम को दो रन से रोमांचक जीत दिलाई। मुंबई के ग्रुप ए में सर्वाधिक 24 अंक रहे और उसने सीधे क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। विदर्भ दूसरे स्थान पर रहा और उसे प्री क्वार्टर फाइनल में खेलना होगा। जयपुर में ग्रुप बी के मैच में पंजाब ने शुभमन गिल की नाबाद 57 रनऔर प्रभसिमरन सिंह के नाबाद 80 रन की मदद से उत्तर प्रदेश को नौ विकेट से करारी शिकस्त दी। इस बड़ी जीत से पंजाब ने दिल्ली को नेट रन रेट में पीछे छोड़ कर शीर्ष स्थान हासिल किया। दिल्ली को अब प्री क्वार्टर फाइनल में खेलना होगा। दिल्ली ने नीतीश राणा के ऑलराउंड प्रदर्शन से त्रिपुरा को छह विकेट से हराया। राणा ने तीन विकेट लेने के अलावा 61 रन की जोरदार पारी भी खेली। मोहाली में मध्यम गति के गेंदबाज आकिब नबी सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में हैट्रिक लेने वाले जम्मू कश्मीर के पहले गेंदबाज बने लेकिन इसके बावजूद उनकी टीम को ग्रुप सी के इस मैच में सेना से हार का सामना करना पड़ा। ग्रुप ए में राजस्थान में मिजोरम को 73 रन से करारी शिकस्त दी जबकि एक अन्य मैच में असम ने मध्यप्रदेश को पांच विकेट से हराया। विदर्भ ने रेलवे को छह विकेट से पराजित किया। ग्रुप बी में हैदराबाद में मणिपुर को 10 विकेट से करारी शिकस्त दी जबकि गोवा ने पुदुचेरी को 88 रन पर आउट करने के बाद छह विकेट से जीत दर्ज की। इस बीच ग्रुप सी में महाराष्ट्र ने अरुणाचल प्रदेश को 63 रन से जबकि कर्नाटक ने हरियाणा को पांच विकेट से हराया। एक अन्य मैच में केरल ने मेघालय को पांच विकेट से पराजित किया। ग्रुप डी में हिमाचल प्रदेश ने नागालैंड को नौ विकेट से, बड़ौदा ने आंध्र को 11 रन से और गुजरात में बिहार को चार विकेट से हराया। ग्रुप डी में झारखंड में सिक्किम को 10 विकेट से, छत्तीसगढ़ ने ओडिशा को 87 रन से और चंडीगढ़ ने बंगाल को आठ विकेट से पराजित किया।

## टी-20 वर्ल्ड कप में आमने-सामने होगी भारत-पाकिस्तान की टीम

### 0-भारत ने टॉस जीतकर फिल्डिंग चुनी

**मेलबर्न।** टी-20 विश्वकप में अब महा मुकाबले की बारी आ गई है। रविवार को मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में दोपहर 1:30 बजे से भारत और पाकिस्तान की टीम आमने-सामने होगी। दोनों ही टीमों के बीच क्रिकेट मैच का इंतजार हर क्रिकेट प्रेमी बेसब्री से करता है। भले ही भारत और पाकिस्तान के बीच द्विपक्षीय श्रृंखला बंद है। लेकिन आईसीसी टूर्नामेंट और एशिया कप में खेले जा रहे मुकाबले को लेकर दोनों देश आमने सामने रहते हैं। टीम इंडिया जहां टी20 विश्व कप 2022 के अपने पहले मुकाबले में पाकिस्तान को हराकर शानदार आगाज करना चाहेगी। वहीं पाकिस्तान की टीम पिछले टी-20 विश्व कप के ही तरह अपना जीत सुनिश्चित करने के लिए मैदान पर उतरेगी। वल्ड कप मुकाबलों में पाकिस्तान के खिलाफ भारत का पलड़ा भारी रहा है। लेकिन पिछले साल टी-20 विश्व कप में भारत की हार ने दोनों देशों के बीच मुकाबले को और दिलचस्प बना दिया है। भारतीय टीम के बल्लेबाजी जहां ओपनर रोहित शर्मा और केएल राहुल पर निर्भर होगी तो वही बीच के ओवरों में सूर्यकुमार यादव भी टीम को मजबूती प्रदान कर सकते हैं। सूर्यकुमार यादव लगातार अच्छे फॉर्म में चल रहे हैं। मेलबर्न में अगर बारिश बाधा ना बने तो दोनों ही टीमों के बीच जबर्दस्त मुकाबला देखने को मिलेगा। हालांकि, यह बात भी सच है कि पिछले दो दिनों में मेलबर्न में बारिश हुई है जिसकी वजह से कोई भी कप्तान टॉस जीतने के बाद पहले गेंदबाजी करना पसंद करेगा। भारत और पाकिस्तान के बीच मुकाबले में टॉस बड़ा फैक्टर हो सकता है। भारत 2007 में टी-20 विश्व कप का पहला संस्करण अपने नाम किया था। हालांकि, उसके बाद से 15 साल से भारत टी20 विश्व कप का परिणाम नहीं कर सका है। रोहित शर्मा के कप्तानी रिकॉर्ड को देखते हुए क्रिकेट फैंस इस बात की उम्मीद कर रहे हैं। रोहित शर्मा के बयान से साफ तौर पर रखता है कि भारत कल के मुकाबले को हल्के में नहीं ले रहा है। भारतीय टीम सतर्कता के साथ कल के मुकाबले में पाकिस्तान के खिलाफ उतरेगी। वहीं, पाकिस्तान की टीम भी कल के मुकाबले को जीतने के लिए उतरे की बाबर आजम ने साफ तौर पर कहा है कि हम सूर्यकुमार यादव ही नहीं बल्कि सभी बल्लेबाजों के खिलाफ शासन रणनीति बना रहे हैं।

## अनिल, माधुरी की जमाई राजा का बनेगा रीमेक, हुई घोषणा



1990 की सुपरहिट मसाला फिल्म जमाई राजा 32 साल बाद फिर से दर्शकों का मनोरंजन करने जा रही है। बुधवार को फिल्म के 30 साल पूरे होने के मौके पर फिल्म के रीमेक की आधिकारिक घोषणा की गई है। इस फिल्म में अनिल कपूर, माधुरी दीक्षित और हेमा मालिनी मुख्य भूमिका में नजर आए थे। फिल्म में अनिल और हेमा के तकरार को दर्शकों ने खूब पसंद किया था। दर्शकों को अब इस रीमेक की अन्य जानकारियों का इंतजार है।

जमाई राजा 19 अक्टूबर, 1990 को रिलीज हुई थी। यह उस साल की सबसे चर्चित फिल्मों में शामिल थी। फिल्म एक सास और दामाद के टकराव की कहानी थी। दर्शकों ने फिल्म में अनिल और माधुरी की जोड़ी को भी खूब पसन्द किया था। फिल्म का निर्देशन ए कोदनंदरामी रेड्डी ने किया था। यह तेलुगु फिल्म अट्टकु यमुडु अम्माईकी मोगुडू की हिंदी रीमेक थी। अब इस फिल्म को यूट्यूब, अमेजन प्राइम वीडियो और एमएक्स प्लेयर पर देखा जा सकता है। फिल्म के 30 साल पूरे होने के मौके पर इसके रीमेक की घोषणा की गई।

रिपोर्ट्स के अनुसार शीमारू एंटरटेनमेंट, इंडियन मीडिया एंटरटेनमेंट (ढ्ढरूश्वह) के साथ मिलकर रीमेक के निर्माण करेगी। जहां पिछली बार यह एक रोमांटिक ड्रामा फिल्म थी, वहीं चर्चा है कि इस बार फिल्म का स्क्रीनप्ले ऐक्शन ड्रामा के रूप में तैयार किया जाएगा। फिल्म के स्टारकास्ट के बारे में फिलहाल कोई घोषणा नहीं कि गई है।

## सत्यप्रेम की कथा से क्लैश के चलते बदली गई ड्रीम गर्ल 2 की रिलीज डेट



हाल में अभिनेता आयुष्मान खुराना ने ड्रीम गर्ल 2 की घोषणा की थी। इस फिल्म में उनके साथ अनन्या पांडे नडर आएंगी। फिल्म अगले साल 29 जून को रिलीज होने वाली थी, लेकिन अब इसकी रिलीज डेट बदल दी गई है। यह फिल्म 29 जून से पहले ही 23 जून को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। कार्तिक आर्यन की सत्यप्रेम की कथा के क्लैश से बचने के लिए मेकर्स ने फिल्म की नई रिलीज डेट का ऐलान किया है।

रिपोर्ट के मुताबिक, सत्यप्रेम की कथा के क्लैश से बचने के लिए ड्रीम गर्ल 2 की रिलीज डेट में बदलाव किया गया है। बता दें कि सत्यप्रेम की कथा अगले साल 29 जून को बड़े पर्दे पर आएगी। इसे मेकर्स का समझदारी भरा फैसला माना जा रहा है।

## आज का राशिफल

***मेष :*** आज आपके पास ख़ुद के लिए पर्याप्त समय होगा, तो मौक़े का फ़ायदा उठाएँ और अच्छी सेहत के लिए आराम, पैदल सैर, योगा, प्राणायाम अवश्य करें। आर्थिक तौर पर सुधार के चलते आप आसानी से काफ़ी वक़्त से लंबित बिल और उधार चुका सकेंगे।

***वृष :*** आप आज ख़ुद को रोज़ाना की अपेक्षा कम ऊर्जावान महसूस करेंगे। स्वयं को ज़रूरत से ज़्यादा काम के नीचे न दबाएँ, थोड़ा आराम करें। अगर आप लम्बे वक़्त के लिए निवेश करें, तो अच्छा-ख़ासा फ़ायदा हासिल कर सकते हैं।

***मिथुन :*** आप भावनात्मक तौर पर बहुत संवेदनशील हैं, इसलिए ऐसे हालात से बचें जो आपको चोट पहुँचा सकते हों। आपके द्वारा धन को बचाने के प्रयास आज असफल हो सकते हैं।

***कर्क :*** घर की जरुरतों को देखते हुए आज आप अपने जीवनसाथी के साथ कोई कीमती सामान खरीद सकते हैं जिससे आर्थिक हालात थोड़े तंग हो सकते हैं। परिवार के साथ सामाजिक गतिविधियों में सहभागिता काफ़ी मानसिक दबाव पैदा कर सकती है।

***सिंह :*** अपने शरीर की थकान मिटाने और ऊर्जा-स्तर को बढ़ाने के लिए आपको पूरे आराम की ज़रूरत है, नहीं तो शरीर की थकावट आपके मन में निराशावादिता को जन्म दे सकती है।

***कन्या :*** आज आपका दिन मनोनुकूल रहेगख । शारीरक लाभ मिलेगा। अनुभवी लोगों से जुडक़र जानने की कोशिश करें कि उनका क्या कहना है। अगर कहीं बाहर जाने की योजना है तो वह आखिऱी वक़्त पर टल सकती है।

***तुला :*** आज का दिन फ़ायदेमंद साबित होगा, क्योंकि ऐसा लगता है कि चीज़ें आपके पक्ष में जाएंगी और आप हर काम में अव्वल रहेंगे। धार्मिक रूचि बढेगी। जीवनसाथी के साथ मधुर सम्बंध बनाए रखें लक्ष्मी वास होगा।

***वृश्चिक :*** आज आपका ऊर्जा से भरपूर, ज़िंदादिल और गर्मजोशी से भरा व्यवहार आपके आस-पास के लोगों को ख़ुश कर देगा। आज आप दूसरे दिनों की तुलना में अपने लक्ष्यों को कुछ ज़्यादा ही ऊँचा तय कर सकते हैं।


***धनु :*** मौज-मस्ती और मनपसंद काम करने का दिन है। जो लोग शादीशुदा हैं उन्हें आज अपने बच्चों की पढ़ाई पर अच्छा खासा धन खर्च करना पड़ सकता है। मित्र मण्डली का सकारात्मक सहयोग रहेगा।

***मकर :*** आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहेगा। अगर आप यात्रा पर जाने वाले हैं तो अपने कीमती सामान का ध्यान रखें। खुद के लिए समय निकालें। बच्चों को पढ़ाई पर ध्यान लगाने और भविष्य के लिए योजना बनाने की ज़रूरत है।

***कुंभ :*** आज आपको लाभ मिलेगा, क्योंकि परिवार के सदस्य आपके सकारात्मक रुख़ से प्रभावित होंगे और उसे सराहेंगे। नई चीज़ों को सीखने की आपकी ललक क़ाबिल-ए-तारीफ़ है।

***मीन :*** अपनी शारीरिक चुस्ती-फुर्ती को बनाए रखने के लिए आप आज का दिन खेलने में व्यतीत कर सकते हैं। इस राशि के बड़े कारोबारियों को आज के दिन बहुत सोच समझकर पैसा निवेश करने की जरुरत है।

## फेस्टिवल में बनाएं मखाने की खीर



त्योहार के दौरान आप मखाने की खीर ट्राई कर सकती हैं। मखाना सेहत के लिए कॉफी फायदेमंद होता है और इसकी खीर सबको पसंद भी आएगी।

### सामग्री :

एक बाउल मखाना, एक कप काजू, 2 बड़ा चम्मच घी, एक चुटकी सेंधा नमक, बारीक कटी हुई ड्राई फ्रूट्स, एक छोटा चम्मच इलाइची पाउडर, 3 कप दूध, आवश्कतानुसार चीनी

### विधि :

-एक पैन गर्म करें, इसमें घी डालें। फिर मखाने और काजू को भून लें।

- इसके बाद इन पर हल्का सा सेंधा नमक छिड़कें।

-जब यह ठंडे हो जाएं, तो इसमें से थोड़ा-सा मखाने निकाल लें। इसे काजू और इलाइची के साथ ब्लेंडर में पीस लें।

- अब दूध को उबाल लें, इसमें चीनी डालें।

- इसके बाद इसमें मखाने का मिश्रण डालकर अच्छे से मिलाएं।

- अब भूने हुए मखाने और ब्लेंडर किये हुए काजू को डालें।


- इसे गाढ़ा होने तक लगतार चलाएं।

- मखाने की खीर तैयार होने पर गर्मागर्म या ठंडा परोस सकते हैं।

## शब्द सामर्थ्य- 232

**बाएं से दाएं :**
1. अनुचित, असत्य, जो ठीक न हो 3. बेवजह, बिनाकारण, व्यर्थ 4. हल्कीनींद, चकमा, धोखा 6. शक्कर पानी आदि का मीठा घोल 10. सोते से उठाना, सावधान करना, प्रदीप्त करना 11. चरमसीमा, सीमांत 14. पानी, आंसू 15. बैठा हुआ, विराजित 16. नृत्य 17. मृतप्राय, मृत्यु के करीब 19. जल, अम्बु 22. उपहार, भेंट 23. खबर, संदेश।

**ऊपर से नीचे**
1. गणपतिजी, 2. मांगनेवाला, पाने की इच्छा करने वाला 3. मिट्टी के रंग का, मटमैला 5. चला आता हुआ क्रम प्रथा, प्रणाली, रीति-रीवाज, 7. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 8. पेड़ का धड़ा जहां से शाखाएं निकलती है, 9. मिठाई, खाने की मीठी चीज 12. शासन, गुप्तबात 13. श्रद्धा, स्त्री, जयशंकर प्रसाद द्वारा रचित प्रसिद्ध महाकाव्य 15. विपत्तिग्रस्त, दुखी, अभागा 16. प्रसिद्ध, नामवर 18. स्वप्न, ख्वाब 20. करीब, नज़दीक, समीप 21. सुबह, प्रात:, सबेरा।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 231 का हल



## सू-दोकू- 232

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | 2 | | | | 1 |
| | | 5 | 1 | | | | 3 | |
| 7 | | | | 9 | | 8 | | 5 |
| | 8 | | 3 | | 7 | | 5 | |
| 2 | | 7 | | | | 1 | | 3 |
| | 4 | | | 1 | | | 8 | |
| 6 | | 2 | | | 9 | | | |
| | 5 | | 7 | | | 3 | | |
| | | 8 | | 5 | | | 6 | 7 |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.231का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 2 | 6 | 3 | 1 | 4 | 5 | 9 |
| 6 | 4 | 1 | 8 | 5 | 9 | 2 | 7 | 3 |
| 9 | 3 | 5 | 4 | 7 | 2 | | 1 | 8 |
| 2 | 6 | 3 | 1 | 9 | 7 | 5 | 8 | 4 |
| 5 | 7 | 8 | 3 | 6 | 4 | 1 | 9 | 2 |
| 1 | 9 | 4 | 5 | 2 | 8 | 7 | 3 | 6 |
| 4 | 5 | 7 | 2 | 8 | 3 | 9 | 6 | 1 |
| 3 | 1 | 6 | 9 | 4 | 5 | 8 | 2 | 7 |
| 8 | 2 | 9 | 7 | 1 | 6 | 3 | 4 | 5 |